कलेक्टोरेट के सामने 40 दुकानों में चोरी

दो रात में चोरों ने दुकानों में बोला धाबा,एसी की कॉपर गैस पाइप, कम्प्रेसर, केबल पार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 2 सितम्बर। कलेक्ट्रोरेट के ठीक सामने, पुलिस अधीक्षक कार्यालय से महज कुछ दूरी पर स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में चोरों ने करीब 40 दुकानों को निशाना बनाते हुये 4 लाख रूपये कीमत के सामग्री पार कर गये।

बताया जाता है कि अज्ञात चोरों ने दुकानों में लगे एयर कंडीशनरों की इंडोर और आउटडोर यूनिट को जोड़ने वाली कीमती कॉपर पाइप काटकर ले गए। वारदात के बाद मंडी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापारियों में नाराजगी है। जानकारी के अनुसार चोरों ने मंडी परिसर की कई दुकानों को निशाना बनाया। एयर कंडीशनरों की कॉपर पाइप काटने के साथ अन्य सामानो में कम्प्रेसर गैस, कॉपर केबल को भी नुकसान पहुंचाया गया। खास बात यह है कि चोरी के लिए चोरों को कई स्थानों पर पाइप काटने और सामान निकालने में पर्याप्त समय लगा होगा। इसके बावजूद पुलिस की नियमित गश्त के दौरान किसी तरह की भनक नहीं लगना अपने आप में बड़ा सवाल है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि वारदात जिला पुलिस के सबसे महत्वपूर्ण कार्यालय से कुछ ही दूरी पर हुई। यहां बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र बैढ़न में पिछले तीन वर्षो से कबाड़ चोरों का आतंक है। अम्बेडकर चौक व्यावसायिक प्लाजा की एक सैकड़ा से अधिक दुकान के शटरों को पार कर दिया। कोतवाली पुलिस अनजान बनी रही। जबकि थाना से प्लाजा की दूरी महज 300 मीटर है। इसी तरह अन्य कई स्थानों में कबाड़ चोर गिरोह सक्रिय है। कोतवाली प्रभारी पिछले एक पखवाड़े के अधिक समय से अवकाश पर हैं। हालांकि उनका डीएसपी के पद पर प्रमोशन हो चुका है। कुल मिलाकर कोतवाली निरीक्षक विहीन है। ऐसे में टू-आईसी के बातों को अन्य पुलिस कर्मी कितना तरजीह देते होंगे, यह महज अंदाजा लगाया जा सकता है। कोतवाली में कुछ ऐसे पुलिस कर्मी हैं, तो अपने आप को सर्वोपरि मानते हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

पुलिस के साथ मंडी सचिव से शिकायत

कलेक्ट्रोरेट के सामने कृषि उपजमंडी परिसर में स्वत्व एवं किराए पर दुकाने लेकर यहां कारोबारी अपना व्यवसाय कर रहे हैं। दो रात में अज्ञात चोरों ने दुकानों में धाबा बोलते हुये एसी की सामग्री को पार कर गये। दुकानदारों ने सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस के गस्त पर सवाल खड़ा करते हुये कृषि उपजमंडी के समिति सिंगरौली के सचिव से भी लिखित शिकायत की है और कहा है कि यहां सुरक्षा व्यवस्था की जाए और चोरों का भी पतासाजी कराकर कार्रवाई की जाए।

इन दुकानों में चोरों ने बोला धाबा

कृषि उपजमंडी के दुकानों में मुख्य रूप से उत्तम ऑनलाइन, प्रकाश एसोशिएट, गौतम इन्टरप्राइजेज, ओमप्रकाश, शारदा ऑनलाइन, कृष्णा ऑनलाइन, योगेश कुमार शुक्ला, अख्तर ऑनलाइन, रामप्रकाश, रवि, आसुतोष ऑनलाइन, संदीप शाह, भरत ऑनलाइन, प्रणव ऑनलाइन, ओम ऑनलाइन, रूद्र ऑनलाइन, शक्ति मेडिकल स्टोर, अब्दुल हमीद, निरज किराना स्टोर, अब्दुल अकीम, राजेश्वरी प्रसाद दुबे, सीए अभिमन्यू समेत अन्य दुकानों के एयर कंडीशनर का कॉपर गैस पाइप, कम्प्रेसर गैस व अन्य चोरो ने पार किया है। दुकानदारों में इस मामले को लेकर भारी नाराजगी है।

संतान की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

शिवधाम मंदिर वैढ़न में श्रद्धा-भक्ति के साथ मना ललही छठ

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 2 सितम्बर। संतान की सुख-समृद्धि, दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना के पावन पर्व हलषष्ठी ललही छठ के अवसर पर आज बुधवार को शिवधाम मंदिर बैढ़न में श्रद्धा और भक्तिभाव का अनुपम वातावरण देखने को मिला।

इस पावन अवसर पर अनेको व्रती महिलाओं ने विधि-विधान पूर्वक हलषष्ठी माता का पूजन-अर्चन कर अपनी संतानों के सुख, स्वास्थ्य, समृद्धि एवं दीर्घायु की मंगलकामना की। पूजन-अनुष्ठान शिवधाम मंदिर बैढ़न के महाप्रबंधक एवं ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। व्रती महिलाओं ने पूरे दिन श्रद्धापूर्वक व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता बलराम जी से संबंधित इस पावन पर्व पर विशेष पूजा-अर्चना की तथा पारंपरिक विधि से हलषष्ठी माता का स्मरण किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति एवं आस्था का वातावरण बना रहा। महिलाओं ने संतान की रक्षा, उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।

पूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। साथ ही आगे बताया कि हलषष्ठी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में यह व्रत मातृत्व की श्रद्धा, संतान के प्रति वात्सल्य और परिवार के मंगल की कामना का प्रतीक है। श्रद्धा एवं नियमपूर्वक किया गया व्रत मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और हमारी लोकपरंपराओं एवं धार्मिक संस्कारों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूजन के उपरांत व्रती महिलाओं ने विधि-विधान के साथ पूजन संपन्न कर संतान सुख, दीर्घायु एवं परिवार के मंगल की कामना की और हलषष्ठी माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

एक नजर में

भगवान बलराम जयंती पर किसान संगोष्ठी आयोजित

सिंगरौली। भगवान बलराम जयंती के अवसर पर किसान संगोष्ठी का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। संगोष्ठी में राज्यमंत्री राधा सिंह मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह की उपस्थिति रही। किसान संगोष्ठी में उपस्थित किसानों को भगवान बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए मंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने तथा उनकी आय में वृद्धि के उद्देश्य से अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे।

मोटे अनाज से बनी राखियों से मनाया रक्षाबंधन पर्व

सिंगरौली। भाजपा महिला मोर्चा सिंगरौली ने जिला कार्यालय पर राखी संग पाती कार्यक्रम का आयोजन किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋचा सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह व विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, पूर्व विधायक सुभाष वर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री सीमा जायसवाल मौजूद रहीं। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने मोटे अनाज से हस्त निर्मित राखियों का निर्माण किया तथा उपस्थित अतिथियों को राखी बाध रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

सुदा एवं कुड़ैनिया में वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण आयोजित

सिंगरौली। नारी शक्ति संकुल स्तरीय संगठन सुदा एवं कुडैनिया में स्व-सहायता समूहों की सदस्य महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सेबी के माध्यम से प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान समूह की महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन, नियमित बचत, सुरक्षित निवेश, बैंकिंग सेवाओं तथा वित्तीय निर्णय लेने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। महिलाओं को अपनी आय एवं बचत का बेहतर प्रबंधन करने के साथ-साथ वित्तीय जोखिमों के प्रति जागरूक रहने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नारी शक्ति संकुल स्तरीय संगठन सुदा एवं कुड़ैनिया से संबद्ध विभिन्न स्व-सहायता समूहों की सदस्य महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता की।

सरई में मटकी फोड़ का महासंग्राम कल

सरई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नगर परिषद सरई में भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर आयोजन म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप पार्षद एवं समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी के आयोजन में 4 सितंबर को रात 9:30 बजे से कन्या उमावि सरई में जिला स्तरीय मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता में विजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 21 हजार रुपये तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11 हजार रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

2-3 दिन में शुरू हो जाएगा खटखरी-बरौहा का आवागमन

सिंगरौली। गत दिवस 13 अगस्त की रात हुई अतिवृष्टि के कारण ग्राम खटखरी एवं बरौहा को जोड़ने वाली सड़क के बीच स्थित पुल पानी के तेज बहाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। जिससे दोनों गांवों के बीच आवागमन प्रभावित हुआ। मामले की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पुल की मरम्मत शीघ्र कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देशन एवं आदेश के परिपालन में महान एनर्जी लिमिटेड अडानी द्वारा क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत एवं पुनर्स्थापना का कार्य कराया जा रहा है।

हिंडालको महान ने 258 छात्रों को वितरित किए छाते

बड़ोखर गांव में आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

बरगवां 2 सितम्बर। बारिश के मौसम में विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित न हो और खराब मौसम के बावजूद वे नियमित रूप से विद्यालय पहुंच सकें, इसी उद्देश्य से हिंडालको महान की सीएसआर के अंतर्गत संचालित अध्ययन परियोजना के तहत बड़ोखर गांव में विद्यार्थियों के बीच छाता वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ोखर स्थित मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय के कुल 258 विद्यार्थियों को छाते वितरित किए गए। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को बारिश से सुरक्षा प्रदान करने के साथ उनकी नियमित विद्यालय उपस्थिति और शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में वित्त एवं लेखा विभाग के राजेंद्र पावड़े ने कर्मचारी सहभागिता के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा किसी भी परिस्थिति में रुकनी नहीं चाहिए। बारिश के कारण विद्यार्थियों को विद्यालय आने में परेशानी न हो, इसी सोच के साथ यह पहल की गई है। बच्चों की जरूरत को समझकर की गई ऐसी छोटी पहल उनके लिए बड़ी सुविधा बन सकती है और उनकी पढ़ाई को निरंतर बनाए रखने में मदद करती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजीव रंजन, धीरेन्द्र तिवारी एवं शीतल श्रीवास्तव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं स्थानीय विद्यालयों के शिक्षकों और ग्रामीण स्वयंसेवियों ने भी कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

बस स्टैंड,सब्जी मंडी,काली मंदिर मार्ग में अतिक्रमण पर कार्रवाई

नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार दूसरे दिन भी जारी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 2 सितम्बर। ननि आयुक्त सविता प्रधान के निर्देशानुसार शहर को सुव्यवस्थित एवं यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा।

ननि उपायुक्त आरपी बैस के नेतृत्व में निगम अमले द्वारा बस स्टैंड, सब्जी मंडी, काली मंदिर एवं वंदना हॉस्पिटल के आसपास के क्षेत्रों में सड़क किनारे तथा नालियों के ऊपर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान बस स्टैंड परिसर, काली मंदिर मार्ग एवं वंदना हॉस्पिटल के आसपास दुकानदारों द्वारा सड़क तक फैलाए गए अस्थायी निर्माण, ठेले, गुमटियां एवं अन्य अतिक्रमण हटाकर सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। ननि अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाने पर ननि द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ननि अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक मार्गों एवं नालियों पर किए गए अतिक्रमण के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा होने के साथ यातायात भी बाधित हो रहा था। अभियान के माध्यम से सड़कों एवं नालियों को अतिक्रमणमुक्त कर शहर में सुगम आवागमन एवं बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी, सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी, डीके सिंह, अनुज सिंह सहित ननि के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सवारियों को लेकर चालक-परिचालक में तू तू- मैं मैं

देवसर 2 सितम्बर (एनबीएन)। देवसर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर आज बुधवार को सवारी बैठाने को लेकर एक बस के चालक और कंडक्टर के बीच तूतू- मैंमैं हो गई। दोनों के बीच सड़क पर ही विवाद होने से कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित हुआ और राहगीरों, यात्रियों तथा अन्य वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सिंगरौली की जनता पी रही पारा-लेड युक्त धीमा जहर : राजेश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 2 सितम्बर। आप के प्रदेश सचिव राजेश सोनी ने ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज भोपाल की हालिया वैज्ञानिक रिपोर्ट को लेकर जिला प्रशासन, प्रदेश सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर करारा हमला बोला है।

राजेश सोनी ने कहा कि एम्स की स्टडी ने साबित कर दिया है कि सिंगरौली की जनता को हवा और पानी के जरिए धीमा जहर परोसा जा रहा है। पानी में पारा तय सीमा से 124 गुना, लेड 77 गुना और कैडमियम 41 गुना अधिक मिलना यहां की जनता की जिंदगी से खिलवाड़ और गंभीर आपराधिक लापरवाही है। प्रेस को संबोधित करते हुए राजेश सोनी ने याद दिलाया कि उन्होंने कुछ समय पूर्व सर्किट हाउस वैढ़न में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर प्रामाणिक दस्तावेजों के साथ यह खुलासा किया था कि सिंगरौली के हक की करीब 1000 करोड़ रुपये की डीएमएफ जिला खनिज प्रतिष्ठान राशि पिछले 5 वर्षों में सीहोर, पन्ना, भोपाल, सागर जैसे अन्य जिलों में गैर-कानूनी तरीके से बांट दी गई। उन्होंने ने तीखा सवाल दागते हुए कहा कि यदि सिंगरौली की वह 1000 करोड़ रुपये की डीएमएफ राशि दूसरे जिलों में लुटाने की बजाय यहीं के गांवों चितरंगी, देवसर-बैढ़न सहित अन्य में शुद्ध पेयजल पाइपलाइन, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च की गई होती, तो आज हमारे लोगों की किडनी, लिवर और दिल खतरे में न होते। जनप्रतिनिधियों की खामोशी और प्रशासनिक डाके की वजह से आज सिंगरौली का आम नागरिक जहरीला पानी पीने को मजबूर है।

रूक-रूक कर हुई रिमझिम बारिश, आज रेड अलर्ट

सिंगरौली 2 सितम्बर (एनबीएन)। जिले में पिछले 24 घंटे से रिमझिम बारिश का दौर जारी है। हालांकि यह बारिश रूक-रूक कर हो रही है। जिले में अब तक कुल 940 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है। इधर आज पूरे दिन भी आसमान में बादल छाये रहे। मौसम विभाग ने कल दिन गुरूवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

विंध्य चिकित्सालय में हिंदी कार्यशाला का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 2 सितम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल राजभाषा अनुभाग द्वारा विंध्य चिकित्सालय में एक दिवसीय राजभाषा हिंदी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सालय में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं एसोसिएट्स में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दैनिक सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यशाला में चिकित्सालय के सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा एसोसिएट्स कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला के दौरान हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को राजभाषा हिंदी के नियमों, अधिनियमों, कार्यालय ज्ञापनों एवं महत्वपूर्ण तथ्यों से विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा संचालित लीला, कंठस्थ 2.0 एप, हिंदी प्रबोध, प्रवीण एवं प्राज्ञ परीक्षाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई।

लोगों की समस्याओं का समाधान तत्परता से हो : पाठक

नवभारत न्यूज

देवसर 2 सितम्बर। विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत उपखण्ड कार्यालय देवसर के सभागार में निर्माण/विकास कार्यों, हितग्राही मूलक योजनाओं एवं अवारा पशुओं से किसानों की फसलों की सुरक्षा के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

बैठक में नवागत एसडीएम डॉ. एस श्रीकृष्णा श्रीराम आईएएस ने मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल का स्वागत किया एवं अपना परिचय देते हुए बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर अपना उद्बोधन दिया। बैठक में मुख्य अतिथि श्री पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि अतिवर्षा के कारण जहां भी आवागवन की समस्या हो मरम्मत कराएं, तालाबो में जलभराव पर निगरानी रखें तथा घर गिरने की स्थिति में सामुदायिक भवनों में रुकने एवं भोजन पानी की व्यवस्था करने को कहा।

विकास कार्यों को गति देने एनटीपीसी करे सहयोग : शाह

विधायक ने एनटीपीसी प्रबंधन से की बैठक

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 2 सितम्बर। क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और नागरिकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान को लेकर विधायक रामनिवास शाह ने एनटीपीसी विंध्यनगर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में क्षेत्र की प्राथमिक जरूरतों और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

विधायक ने एनटीपीसी के ईडी व्ही किशोर कुमार होता, एजीएम मृणालिनी एवं सीएसआर विभाग से प्रणव वर्मा के साथ क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर संवाद किया। इस दौरान स्थानीय विकास, नागरिक सुविधाओं तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं से जुड़े विषय अधिकारियों के समक्ष रखे गए। चर्चा के दौरान समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल और सहयोग को लेकर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। विधायक ने क्षेत्र के विकास में एनटीपीसी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

क्षतिग्रस्त ऐशडाइक में फ्लाईएश निस्तारण पर तत्काल रोक : गौरव

कलेक्टर का एक्शन, डिजाइन से निर्माण तक तकनीकी समीक्षा के निर्देश, प्रभावितों को क्षतिपूर्ति में नहीं होगी देरी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 2 सितम्बर। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में रिलायंस सासन पावर के ऐशडाईक के मरम्मत कार्य की प्रगति एवं ऐशडाईक से प्रभावित क्षेत्र में किए जा रहे पुनरुद्धार कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कलेक्टर ने क्षतिग्रस्त ऐशडाईक में फ्लाईऐश के निस्तारण पर तत्काल प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फ्लाईऐश का निस्तारण अन्य ऐशडाईक में किया जाए तथा इसके सुरक्षित प्रबंधन के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ऐशडाईक का मरम्मत कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुसार पूर्ण कराया जाए। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी रतिभान ठाकुर को निर्देश दिए कि संबंधित ऐशडाईक में चल रहे मरम्मत कार्य का भौतिक सत्यापन कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

आज भोपाल से आएगा ऐशडाइक का निरीक्षण करने जांच दल

कलेक्टर ने बताया कि कल 3 सितम्बर को भोपाल से आने वाले जांच दल द्वारा ऐशडाईक का निरीक्षण कर उसकी स्थिरता संबंधी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जांच रिपोर्ट में ऐशडाईक की संरचना अथवा निर्माण में किसी प्रकार की तकनीकी खामी सामने आती है, तो संबंधित कंपनी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने ऐशडाईक क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित क्षेत्र में किए जा रहे पुनरुद्धार कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रभावित नागरिकों का सर्वे शीघ्र पूर्ण कर उनकी फसलों एवं अन्य क्षतियों का आकलन करते हुए समय पर क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने प्रभावित खेतों का मृदा परीक्षण कराने तथा आवश्यकतानुसार भूमि का पुनरुद्धार कर आगामी फसल की बुवाई से पूर्व खेतों को तैयार कराने के निर्देश दिए।